फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.)मुकाम–सिरोही(राज.)

प्रार्थी
श्री हेमन्त पुरोहीत पुत्र श्री भुबाजी
जाति पुरोहीत निवासी मेरमाण्डवाडा
तहसील व जिला सिरोही

बनाम

अप्रार्थी
स्टेट जरिये तहसीलदार, सिरोही

किस्म मुकदमा
राजस्व प्रा.पत्र अ.धारा 136 एल.आर एक्ट

रा.प्रा.पत्र सं. 61 / 2025

दिनांक	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
02.07.2025	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी की ओर वकील चेतना सूथार व स्टेट की ओर से पेरोकार सरकार उपस्थित। अप्रार्थी स्टेट ने जरिये पत्रांक / कोर्ट / 2025 / 572 दिनांक 02.07.2025 से प्रस्तुत जवाब को शामिल पत्रावली की गई, प्रति वकील प्रार्थी को उपलब्ध करवाई गई। तहसीलदार सिरोही से प्राप्त जवाब अनुसार राजस्व ग्राम मेरमाण्डवाडा पटवार मण्डल मेरमाण्डवाडा की जमाबंदी 2070–73 के खाता संख्या 84, 435, 436 व 465 में प्रार्थी का नाम हिम्मत पुत्र भूबा दर्ज है। नामान्तरकरण संख्या 888 दिनांक 13–09–2019 के द्वारा भूबा पुत्र पुनमाजी की जगह विरासत से हिम्मत पुत्र भुबा दर्ज हुआ है। हिम्मत व हेमन्त पुरोहीत पुत्र भूबा दोनों एक ही व्यक्ति है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आधार कार्ड, पेन कार्ड, राशन–कार्ड, जनआधार–कार्ड आदि प्रार्थी का नाम हेमन्त पुरोहीत दर्ज है। अतः ग्राम मेरमाण्डवाडा पटवार मण्डल मेरमाण्डवाडा की जमाबंदी 2070–73 के खाता संख्या 84, 435, 436 व 465 में हिम्मत पुत्र भूबा के स्थान पर हेमन्त पुरोहीत पुत्र भूबा दर्ज किया जाना उचित है। प्रकरण में वकील प्रार्थी व पेरोकार सरकार द्वारा अंतिम बहस हेतु निवेदन पर वकील प्रार्थी व पेरोकार सरकार की बहस सुनी गई। हमने वकील प्रार्थी व परोकार सरकार की अंतिम बहस का गंभीरता पूर्वक मनन किया, विचरण प्रकरण की सम्पूर्ण पत्रावली व दस्तावेजात व स्टेट द्वारा प्रस्तुत जवाब का भी गहनतापूर्वक अवलोकन कर उस पर मनन किया । सम्पूर्ण प्रकरण के विवेचन के उपरान्त प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र अधारा 136 एल.आर एक्ट का तहसीलदार से प्राप्त जवाब के आधार पर स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाकर तहसीलदार सिरोही को आदेश दिया जाता है कि ***ग्राम मेरमाण्डवाडा पटवार मण्डल मेरमाण्डवाडा की वर्तमान जमाबंदी 2070–73 के खाता संख्या 84, 435, 436 व 465 में हिम्मत पुत्र भूबा के स्थान पर हेमन्त पुरोहीत पुत्र भूबा संशोधन कर*** उक्तानुसार राजस्व रेकर्ड जमाबंदी अपडेट कर पालना से इस न्यायालय को अवगत करावें **लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.)** **सिरोही** लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (उपखण्ड अधिकारी) सिरोही (राज.) न्यायालय लैण्ड रिकॉर्ड अधिकारी सिरोही (राज.)	